भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 224
उत्तर देने की तारीख 04.12.2023

मांदर लोक वाद्य यंत्र का संरक्षण

224. श्री विजय कुमार :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में मांझी समुदाय द्वारा बजाए जाने वाले मांदर लोक वाद्य यंत्र की परम्परा अब लुप्त होने के कगार पर है;
(ख) मांदर लोक वाद्य यंत्र को बजाए जाने को पुनरूजीवित करने के लिए सरकार द्वारा कौन सी सी विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित हैं; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी, नहीं।

(ख) और (ग) : संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकाय, संगीत नाटक अकादेमी "पारंपरिक, लोक एवं जनजातीय मंच कलाओं का प्रशिक्षण और परिरक्षण" नामक स्कीम के माध्यम से संगीत, नृत्य और रंगमंच की विभिन्न चयनित शैलियों हेतु सहायता प्रदान करती है जिनमें गुरु-शिष्य परम्परा में अनौपचारिक और निजीकृत वातावरण में प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने सहित पूरे देश की मंच कलाओं और संबद्ध कलाओं से संबंधित शिल्प कलाएं भी सम्मिलित हैं। यह अकादेमी मांदर लोक वाद्य यंत्र में भी प्रशिक्षण प्रदान करती है।

****